दैनिक भास्कर

# ब्रांडेड कंपनियों के नाम से बेची जा रहीं कई नकली दवाएं जब्त

/ ब्रांडेड कंपनियों के नाम से बेची जा रहीं कई नकली दवाएं जब्त

**Patna News - गोविंद मित्र रोड के कृष्णा पैलेस स्थित संकटमोचन फार्मा में राज्य औषधि नियंत्रण की टीम ने बुधवार को छापेमारी की।...**



Aug 30, 2018, 04:51 AM IST

गोविंद मित्र रोड के कृष्णा पैलेस स्थित संकटमोचन फार्मा में राज्य औषधि नियंत्रण की टीम ने बुधवार को छापेमारी की। यहां से ब्रांडेड कंपनियों के नाम से तैयार नकली दवा जब्त की गई। जब्त दवाओं में जीवनरक्षक और एंटीबायोटिक हैं। ड्रग इंस्पेक्टर संदीप साह के मुताबिक, दिल्ली से एसएसपी के पास शिकायत आई थी। एसएसपी ने इस बाबत बुलाया था और इसकी जानकारी दी थी। इसके बाद ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम ने छापेमारी की और शिकायत को सही पाया। ग्लैक्सो और एफडीसी कंपनी की नकली दवाएं यहां तैयार की जाती थीं। फिलहाल करीब 1.25 लाख रुपए की नकली दवाएं जब्त की गई हैं। वैसे छापेमारी अभी जारी है। दुकान मालिक से इन दवाओं का बिल दिखाने के लिए कहा गया लेकिन वह नहीं दिखा पाया। छापेमारी के दौरान इस दवा दुकान के एक गोदाम के बारे में भी जानकारी मिली। गोदाम भी गैर लाइसेंसी है और यहां भी काफी मात्रा में दवा जमा करके रखी गई है। उसकी जांच अभी जारी है। जांच जांच पूरी करने के बाद ही पता चल सकेगा कि इस गोदाम जो दवाएं हैं वे नकली है या असली।

Source: https://www.bhaskar.com/news/latest-patna-news-045059-2589810.html